कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

(शिक्षा भवन, दिग्धीकला, हाजीपुर)

रविन्द्र कुमार, बि0शि0से0
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

मोबाईल नं0–8544412079
हाजीपुर, वैशाली–844102

E-mail Id.-deovaishali.edn@gmail.com

पत्रांक–622

सेवा में,

सभी प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापक,
सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं,
प्रारंभिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,
जिला – वैशाली।

हाजीपुर, दिनांक–27/03/26

विषय– विद्यालयों में छात्र–छात्राओं की शत–प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अकित करना है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा विभिन्न विद्यालयों के निरीक्षण एवं अन्य पदाधिकारी से प्राप्त निरीक्षण प्रतिवेदनों से यह संज्ञान में आया है कि कई विद्यालयों में नामांकित छात्र–छात्राओं की उपस्थिति अत्यंत कम रहती है। यह स्थिति विभाग की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रतिकूल है। शत–प्रतिशत उपस्थिति हेतु पूर्व में भी कई सारे पत्र आप सभी को दी जा चुकी है।

अतः जिले के सभी प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों को सख्त निदेश दिया जाता है कि–

1. शत–प्रतिशत उपस्थिति– अपने–अपने विद्यालयों में नामांकित छात्र–छात्राओं की शत–प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करवाएं।
2. अभिभावक संपर्क–जिन छात्रों की उपस्थिति कम है, उनके अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित करें। इसके लिए शिक्षा समिति की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएं।
3. शिक्षण का वातावरण–विद्यालय में शैक्षणिक वातावरण को इतना प्रभावी बनाया जाए कि छात्र स्वतः विद्यालय आने हेतु आकर्षित हों।
4. निगरानी– प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अपने–अपने क्षेत्र के विद्यालयों की निरंतर निगरानी करेंगे।

यदि भविष्य में किसी भी विद्यालय के निरीक्षण के दौरान छात्र उपस्थिति संतोषजनक नहीं पाई जाती है, तो संबंधित प्रधानाध्यापक एवं सभी शिक्षकों के विरुद्ध घोर लापरवाही मानते हुए कठोर अनुशासनिक एवं दंडात्मक कार्रवाई (जैसे वेतन स्थगन / कार्य नहीं तो वेतन नहीं के सिद्धांत के तहत वेतन कटौती, सेवा पुस्तिका में निंदा प्रविष्टि / विभागीय कार्रवाई आदि) सुनिश्चित की जाएगी।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

विश्वासभाजन

Digitally signed by RABINDRA KUMAR SAH
Date: 2026.03.27 18:08:04 +05'30'

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

ज्ञापांकः–622 हाजीपुर दिनांकः–27/03/26

प्रतिलिपिः–सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी,जिला–वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः–जिला पदाधिकारी, वैशाली की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

Digitally signed by RABINDRA KUMAR SAH
Date: 2026.03.27 18:08:16 +05'30'

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।